


नवभारत

इंदौर, गुरुवार, 19 मार्च, 2026

04


एक नजर में

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**आलीराजपुर ।** राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक जनपद पंचायत, चंद्रशेखर आजाद नगर के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघमित्रा गौतम,संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तपीस पांडे, सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नीतू माथुर ने सर्वप्रथम 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराने के निर्देश जिला पंचायत सहित सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदार को दिए। बैठक में कलेक्टर माथुर द्वारा नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा कर समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का समय पर निराकरण किया जाए। साथ ही भूमि आवंटन प्रकरण का भी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व कर संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि पटवारियों को निर्धारित लक्ष्य देकर प्रगति बढ़ाए। फॉर्मर रजिस्ट्री में प्रगति बढ़ाने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटवारियों के माध्यम से अभियान चलाकर फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु किसानों की फॉर्मर आईडी जनरेट कराएं और प्रगति बढ़ाएं ।फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में ग्रेड में सुधार करे। उन्होंने एमपी ई-सेवा के लिए नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को आई-गॉट पोर्टल पर जाकर आवश्यक विषय के प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## चंद्र शेखर आजाद नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर नीतू माथुर ने चंद्र शेखर आजाद नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, ओपीडी, प्रसूति वार्ड, इमरजेंसी वार्ड तथा दवा भंडारण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। यह अभियान 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें चिन्हित शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में नि:शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बीएमओ को निर्देशित किया कि प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर टीकाकरण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें स्वयं टीका लगवाने और अन्य बालिकाओं को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा,ताकि बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री निधि मिश्रा, तहसीलदार श्री जितेंद्र तोमर, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई-विकास प्रणाली के तहत उर्वरक वितरण हेतु ई-टोकन प्रशिक्षण संपन्न



**आलीराजपुर ।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विकासखंड सोंडवा की जनपद पंचायत परिसर एवं विकासखंड आलीराजपुर के कृषि विज्ञान केंद्र में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन द्वारा उर्वरक वितरण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पटवारी, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, कृषि विस्तार अधिकारी एवं समिति प्रबंधकों को जिले के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत आधार नंबर से किसान का ई-टोकन जनरेशन, फार्मर रजिस्ट्री में खसरा जोड़ने की प्रक्रिया तथा किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई ।उप संचालक कृषि सज्जन सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य उर्वरक वितरण में पारदर्शिता लाना, लंबी कतारों को समाप्त करना, कालाबाजारी एवं अनियमित वितरण पर रोक लगाना तथा बिचौलियों की भूमिका खत्म करना है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवली बाई गरासिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विक्रम भयडिया, कृषि समिति अध्यक्ष ओप सिंह सोलंकी, जनप्रतिनिधि जयपाल खरात एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेरसिंह मुजल्दा सहित कृषि, राजस्व, सहकारिता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्रि में महाकालिका माता मंदिर परिसर में अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का होगा आयोजन

**झाबुआ।** शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री सद्गुरु रामायण मंडल द्वारा अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन 19 मार्च, गुरुवार से 28 मार्च, शनिवार तक रखा गया है। 19 मार्च, गुरुवार को गुड़ीपड़वा पर दोपहर 11 बजे मंदिर परिसर में श्रीराम दरबार की स्थापना कर पूजन के साथ अखंड श्री रामचरितमानस का पाठ आरंभ होगा?। यह पाठ संगीतमय, वाद्य यंत्रों के साथ मंडल के सदस्यों और शहर के भक्तजनों द्वारा सामूहिक रूप से किया जाएगा। जिसमें विशेष सहयोग अखंड श्री रामायण मंडल के सदस्यगण प्रदान करेंगे। 28 मार्च, शनिवार दोपहर 11 बजे पाठ की पूर्णाहूति होगी। इस अवसर पर श्रीराम दरबार की विशेष आरती बाद कन्या भोज एवं भक्तों का भोजन प्रसादी (भंडारा) रखा गया है।

# मूलभूत सुविधाओं की कमी पर व्यापारी संघ ने उठाई आवाज

**झाबुआ। जहां स्वच्छ और सुंदर शहर, गांव बनाने की पूरे देश में होड़ चल रहीं है। वहीं जिला मुख्यालय झाबुआ अभी भी मुलभूत सुविधाओं को जुटाने में असहाय दिख रहा है।**



शहर को वेल डेवलप करने के साथ वहां के रहवासियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना जरूरी है। झाबुआ शहर जो कि जिला मुख्यालय है, किंतु सुविधा के नाम से एक छोटे कस्बे से भी बद्तर है और यहां अति-इमरजेंसी में यह मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं होने से आम नागरिकों को हो रहीं समस्या से नगरपालिका परिषद् झाबुआ, विधायक, सांसद, प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र देकर अवगत करवाया और उनसे अपनी-अपनी निधी से सहयोग करने का अनुरोध सकल व्यापारी संघ के बैनर तले अध्यक्ष संजयकुमार कांठी, सचिव हिमांशु त्रिवेदी एवं अन्य व्यापारी साथियों ने किया।

व्यापारी संघ अध्यक्ष संजयकुमार कांठी ने बताया कि वर्तमान में जिला मुख्यालय झाबुआ में गिने-चुने सुलभ शौचालय है, जो काफी बड़े अंतराल में बने हुए है। वर्तमान में हालात यह है कि दूर-दूर तक शौचालय नहीं होने की स्थिति में नागरिकों द्वारा किसी अन्य स्थान पर इमरजेंसी कार्य की करना उनकी अपनी मजबूरी हैं। जिस स्थल पर यह कार्य किया जाता है, वहां प्रापर निकासी, पानी की व्यवस्था नहीं होने से गंदगी चारो तरफ फैलती जा रहीं हैं और उसकी दुर्गध काफी दूर तक आती है।

> जिससे पड़ोसी दुकानदार और उसकी दुकान पर आने वाले ग्राहक और आम नागरिक इस गंदगी और दुर्गंध को निरंतर सहन कर रहे है और समय पर सफाई नहीं होने से महामारी फैलने की स्थिति बन रही हैं। सकल व्यापारी संघ अध्यक्ष संजयकुमार कांठी ने नगर पालिका परिषद् से यह मांग की है कि जहां-जहां वर्तमान में सुलभ शौचालय है, वहां पानी की सप्लाय नहीं होने से और नियमित पानी तथा सफाई नहीं होने से गंदगी और दुर्गंध बनी रहती है। वहां कम से कम एक दिन छोड़कर पानी के प्रेशर से सफाई करवाई जाएं। *शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मांग -* व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री कांठी एवं सचिव श्री त्रिवेदी ने सकल व्यापारी संघ के बैनर तले नगरपालिका परिषद् झाबुआ अध्यक्ष कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी एवं समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधि विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया, सांसद अनिता नागरसिंह चौहान एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से भी इस महत्वपूर्ण इमरजेंसी सुविधा को अतिशीघ्र शहर के विभिन्न स्थलों पर प्रापर मेनेन प्लान के साथ उपलब्ध करवाने की मांग सकल व्यापारी संघ झाबुआ एवं शहर के समस्त नागरिकों की ओर से की है। अध्यक्ष श्री कांठी ने यह भी कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सकल व्यापारी संघ झाबुआ और शहरवासी भी हर स्तर पर सहयोग देने के लिए तैयार है। सभी का एक ही उद्देश्य है कि झाबुआ शहर स्वच्छ और सुंदर बने। संगठन सचिव हिमांशु त्रिवेदी ने बताया कि एक निवेदन पत्र पर व्यापारी साथियों के साथ शहरवासियों के भी हस्ताक्षर करवाकर उक्त समस्या से जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को पुन: अवगत करवाया जाएगा।

# परमात्मा की मूर्ति पाषाण नहीं जीवंत सत्ता है : मयूर कला

**राणापुर . समाज द्वारा नूतन या जीर्णोद्धार किए गए मंदिर में विराजित करने वाली प्रतिमाओं को आजकल दर्शनीय बना दिया है। हमारे मन की श्रद्धा आस्था भटक भटक कर चूर हो रही हे। हम दिखावे के तोर पर पूजा अर्चना कर रहे हे। यदि हम पूर्ण श्रद्धा ओर विवेकपूर्ण रह कर प्रतिमा की ओर ध्यान केंद्रित करते हे तो साक्षात परमात्मा दिखाई देने लगते हे,उक्त उद्गार 26 अप्रैल को होने वाली प्रतिष्ठा समारोह की पत्रिका लेखन मुहूर्त के अवसर सा, साध्वी मयूरकला ने व्यक्त किए ।साध्वी श्री ने कहा कि शास्त्रों में ऐसे कई उल्लेख मिलते हे जिससे सिद्ध होता हे कि परमात्मा पाषाण नहीं जीवंत सत्ता हे।**





राणापुर के इतिहास में एक नया इतिहास जुड़ गया है कि 38 साध्वी महाराज ओरव 13 मुमुक्षु जो संयम पथ पर चलने को उत्सुक हे उनके चरण राणापुर की धरती पर पड़े।

आज पत्रिका लेखन समारोह हुआ जिसमें प्रारंभ रूप 51 पत्रिका पर वैभवशाली तीर्थ ओर श्री संघ के नाम अंकित किए गए ।लेखन स्थल पर राजा शाही अंदाज में सजावट की गई ।जिसमें प्रतिष्ठा महोत्सव के लाभार्थियों को स्थान दिया गया जिन्होंने अनेक तीर्थ, आचार्य देव ओर परम्परा के श्री संघ ओर गच्छाधीपति जी के नाम अंकित किए। प्रारंभ में साध्वीजी के मंगला चरण से समारोह शुरू किया। प्रारंभ में संघ के वरिष्ठ सोहनलाल सेठ,दिलीप सकलेचा,चंद्रसेन कटारिया, अनिल सेठ शैलेश सेठ ने पत्रिका का विमोचन करते हुए साध्वी जी को समर्पित की। परमात्मा गुरुदेव साध्वी श्री ओर पत्रिका पर केसर चंदन ओर अक्षत से वधाने का लाभ सुजानमल जी सेठ विपुल जी सेठ ने लिया वही साध्वी जी महाराज को कामली व्होराने का लाभ सोहनलाल जी सेठ ने लिया। श्री चरित्र आराधना भवन में स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया। सुजानमल जी सेठ राजगढ़,प्रदीप डूंगरवाल जोबट,संजय मेहता झाबुआ,ने भी अपनी उपस्थिति दी ।सभी पत्रिका लेखकों को बबहुमान लाभार्थी मांगीलाल सकलेचा द्वारा पगड़ी ओर दुपट्टे से स्वागत किया गया ।कार्यक्रम का संचालन सुरेश समीर ने किया वहीं प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष तरुण सकलेचा ने आभार व्यक्त किया।




# आलीराजपुर पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**आलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल के पर्यवेक्षण में जिला पुलिस लाईन में रक्षित निरीक्षक इनोद रंधावा के नेतृत्व में जिला अस्पताल आलीराजपुर के विशेषज्ञों द्वारा ईकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों का स्वास्थ परीक्षण किया , जिसमे प्रमुख रूप से शुगर की जांच, बीपी की जाँच,दाँतो की जाँच, हड्डीयों की जाँच और लिपिड टेस्ट लिया गया ।

कुल 150 पुलिस कर्मियों के स्वास्थ की जाँच की गई , जिसमे हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर वाले 58 पुलिस कर्मियों को विशेषज्ञों की सलाह पर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराया जाकर जाँच के लिए भेजा गया ।

31 पुलिस कर्मियों द्वारा रक्तदान किया गया , जिन्हें पुलिस अधीक्षक एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टर द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाकर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा ।स्वास्थ शिविर में पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल तथा उप पुलिस अधीक्षक टीसी पंवार की उपस्थिति में विशेषज्ञों की टीम द्वारा सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया ।



## विकलांगता प्रमाण पत्र हेतु शिविर का आयोजन

**मेघनगर ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेघनगर में शिविर का आयोजन कर 0 से 18 वर्ष की उम्र तक के हितग्राही की जाँच कर दिव्यांगजनो को पात्रतानुसार नवीन विकलांगता प्रमाण पत्र प्रदाय एवं नवीनीकरण करने हेतु शिविर का आयोजन सीएचसी (ष्ट।ष्ट) मेघनगर पर किया गया।

जहा जिले से विशेषज्ञो की गठित टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों के कुल 05 दिव्यांगता प्रमाण जारी किये गए।

# माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा गणगौर पर्व

## शाला त्यागी बच्चों को पुन: विद्यालयों में प्रवेश पर सम्मान समारोह का किया आयोजन

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पुन: विद्यालयों में प्रवेश दिलाया गया। यह वह बच्चे है जिनके माता पिता मजदूरी और काम के सिलसिले में दूसरे शहरों और राज्यों में पलायन कर गए। उन बच्चों को चिह्नित कर उनका विद्यालयों में प्रवेश कराया गया और कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा बच्चों का सम्मान कर बच्चों को शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई ।इस दौरान



कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कहा कि एक बच्चे के शिक्षित होने से पूरा परिवार रोशन होता है। उन्होंने इस पहल को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए शिक्षकों, एसडीएम एवं तहसीलदार की प्रशंसा की। साथ ही बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई को निरंतर जारी रखें, ताकि वे जीवन में आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार कर सकें।



**आलीराजपुर नि.प्र.। आलीराजपुर में गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन गणगौर की पाति लेकर माहेश्वरी समाज की महिलाएँ चल समारेह के रूप में नीम चौक ढोल के साथ जाती है व वहां पर झाले देती है।**

धर्म

शहर के माताजी मंदिरों पर भक्तों की लगेगी भीड़

# चैत्र नवरात्रि पर्व आज से, मां आद्य शक्ति की आराधना में डूबेंगे भक्त

**झाबुआ।** चैत्र नवरात्रि पर्व 19 मार्च, गुरुवार से शुरू होकर 27 मार्च, शुक्रवार तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालुजन मां की भक्ति एवं आराधना में लीन होंगे।

शहर के माताजी मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार, दर्शन-पूजन के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम इस दौरान संपन्न होंगे। भक्तों द्वारा इन दिनों में मनवांछित फल प्राप्ति हेतु व्रत, उपवास रखकर भी माता की भक्ति की जाएगी। मंदिरों में दिनभर दर्शन-पूजन का क्रम चलेगा। अष्टमी एवं नवमी पर हवन एवं कन्या भोज जैसे आयोजन होंगे। शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि में माताजी का प्रतिदिन अलग-अलग रूपों





में श्रृंगार होने के साथ माताजी को चोला अर्पण किया जाएगा। मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी। प्रतिदिन प्रात:काल माताजी की काकड़ आरती भी होगी। अष्टमी को हवन का आयोजन होगा। सभी आयोजन मंदिर समिति द्वारा किए जाएंगे। नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर में विशेष सजावट एवं विद्युत रोशनी की जाएगी। इसी प्रकार कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री अंबे माता मंदिर पर नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर पर रंग-रोगन के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। मंदिर के सेवक पं. विजय शर्मा ने बताया कि मंदिर में मां अंबे एवं चामुंडाजी का प्रतिदिन नौ-रूपों के अनुसार श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलेगी। मंदिर में अष्टमी पर हवन के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

चैत्र नवरात्रि में नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री संतोषी माता मंदिर, कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री खोडियार माता मंदिर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा धाम, कॉलेज मार्ग पर गायत्री शक्तिपीठ एवं बसंत कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्रि में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होने के साथ माताजी के दर्शन-पूजन एवं भक्ति-आराधना का क्रम चलेगा। रामनवमी पर शहर के श्रीराम मंदिरों में भगवान श्रीरामजी की महाआरती एवं प्रसादी जैसे आयोजन किए

> इन दिनों में भक्तों द्वारा गुजरात के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पावागढ़ एवं जम्मू के कटरा में स्थित माता वैष्णो देवीजी के साथ अन्य तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर दर्शन लाभ लिया जाएगा। नवरात्रि के प्रथम दिन हिंदू नववर्ष की सनातन समाज द्वारा एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने और घरों-प्रतिष्ठानों पर सनातन के प्रतीक केसरिया ध्वज लगाएं जाने के साथ गुड़ी पड़वा पर मुख्य रूप से महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा अपने घरों पर गुड़ी बांधकर उसकी पूजा-अर्चना की जाएगी। विक्रम संवत के अनुसार हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र नवरात्रि गुड़ी पड़वा से होती है। हिंदू नववर्ष (गुड़ी पड़वा) पूरे देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है।